भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 3098**

उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2026 (बुधवार)

20 फाल्गुन, 1947 (शक)

**प्रश्न**

**पीएम-डिवाइन योजना**

†3098. **श्रीमती कमलेश जांगड़ेः**

**श्री दिलीप शइकीयाः**

**श्री दिनेशभाई मकवाणाः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना के कार्यान्वयन और प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) संपर्क, बिजली, जल और सामाजिक क्षेत्रों में पूर्ण की गई अवसंरचनात्मक परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने योजना के अंतर्गत विकास संबंधी कमियों को दूर किए जाने संबंधी आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का योजना को वर्तमान अवधि से आगे बढ़ाने का विचार है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख) पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल(पीएम-डिवाइन) स्कीम को वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में एक नई स्कीम के तौर पर घोषित किया गया था और इसे मंत्रिमडल ने वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2025-26 तक 4 वर्षों की अवधि के लिए ₹6,600 करोड़ के परिव्यय के साथ अनुमोदन दिया था। दिनांक 28 फरवरी, 2026 तक, कनेक्टिविटी, विद्युत और सामाजिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्कीमों के तहत ₹6,044.36 करोड़ की कुल 48 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है।

(ग) पीएम-डिवाइन स्कीम के अंतर्गत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों/एजेंसियों द्वारा, अन्य बातों के साथ-साथ, आवश्यकता और चिह्नित कमियों के आधार पर प्रस्तावित और कार्यान्वित की जाती हैं।

(घ) अगले वित्त आयोग चक्र के लिए स्कीम को जारी रखने की जांच की जाती है और स्कीमों के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार निर्णय लिया जाता है।

*****